and its Board of Governors to benefit from the views of persons who are office bearers of different staff association*

Kendriya Vidyalaya, Danapur

4158. DR. R. K. PODDAR: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that despite getting 14 acres of land for building, Kendriya Vidyalaya, Danapur (Patna) is being run in dilapidated barracks;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) by when the construction work of the building is likely to be undertaken?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) to (c) No Sir. Kendriya Vidyalaya Danapur Cantt, is functioning in the school building constructed by the Kendriya Vidyalaya Sangathan.

However, some classes are functioning in the accommodation provided by the sponsoring organisation because of increase in sections in some classes. To meet the requirement of additional classrooms, administrative approval has already been issued.

विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता

4159. डा० जिनेन्द्र कुमार जैन: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1984 में देश के कुछ सरकारी विद्यालयों में "विद्यालयों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन" नामक परियोजना आरंभ की गयी थी और यदि हां, तो इस परियोजना में कितने स्कूल शामिल थे ;

(ख) चालू शिक्षा सत्र में यह परियोजना कितने विद्यालयों में लागू किए जाने का प्रस्ताव है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार देश में सभी विद्यालयों को इस परियोजना के अन्तर्गत लाने का विचार रखती है ; और यदि हां, तो यह कार्य कब तक किये जाने की संभावना है ; और

(घ) चालू शिक्षा सत्र तक इस परियोजना द्वारा कितने प्रतिशत छात्र लाभान्वित होंगे ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) इलैक्ट्रोनिक विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा संयक्त रुप से 1984–85 के दौरान पाइलट आधार पर 248 स्कूलों में "स्कूलों में संगणक साक्षरता और अध्ययन (क्लास) परियोजना" प्रारंभ की गयी थी। परियोजना को 2598 स्कूलों को सम्मिलित करते हुए वर्ष दर वर्ष आधार पर 1989–90 तक बढ़ाया गया था। 1990–91 से कोई नया स्कूल नहीं जोड़ा गया।

(ख) 1991–92 में कोई नए स्कूल सम्मिलित करने की संभावना नहीं है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के सभा पटल पर रख दी जाएगी।

कम्प्यूटर साक्षरता योजना

4160. श्री रजनीत सिंह :
श्री राम जेठमलानी :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत दशक में आरंभ की गई कम्प्यूटर साक्षरता तथा अध्ययन योजना अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार इसके संचालन की जिम्मेदारी गैर सरकारी क्षेत्र को देने पर विचार कर रही है ; और